कार्यालय, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, आसीन्द (भीलवाड़ा)
Email ID : gcasind2013@gmail.com Phone 9414616591
gcasindbhilwara@gmail.com

क्रमांक :- 219 दिनांक :- 04-07-2024

विस्तृत विज्ञप्ति

आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के आदेश क्रमांक एफ1(02)विद्या सम्बल/आकाशि/गे.फै./दिशा निर्देश/21–00638/पार्ट–1/8477046 दिनांक 03.07.2024 एवं वित्त विभाग, जयपुर के परिपत्र क्रमांक प.6(2)वित्त/साविलेनि/2021 दिनांक 07.08.2023 की अनुपालना में महाविद्यालय में अध्यापन व्यवस्था सुचारू बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा विद्यासंबल योजनान्तर्गत वर्ष 2024–25 में राजनीति विज्ञान, हिन्दी एवं अंग्रेजी विषयों में गेस्ट फेकल्टी हेतु दिनांक 15.07.2024 सायं 04:00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है। इस हेतु नियम एवं शर्तें निम्नानुसार है–

1. महाविद्यालय शिक्षा सेवा नियम 1986 में सहायक आचार्य पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन करें।
2. नियमित नियुक्ति/स्थानांतरण अथवा कार्यव्यवस्थार्थ शिक्षक लगने पर गेस्ट फैकल्टी की व्यवस्था स्वतः समाप्त मानी जावेगी।
3. निजी अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष होगी।
4. अतिथि व्याख्याता से प्रति कालांश मानदेय रू. 800/–पर तथा अधिकतम 24 सप्ताह अथवा 28 फरवरी 2025 तक जो भी पहले हो, अध्यापन कार्य करवाया जायेगा।
5. पात्र अभ्यर्थी आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता दस्तावेज, शपथ पत्र एवं पहचान दस्तावेज व्यक्तिशः या डाक द्वारा प्रेषित करें।
6. आवेदन पत्र एवं शपथ पत्र का प्रारूप आयुक्तालय के उक्त आदेश में संलग्न है।
7. अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय की वेबसाईट http://hte.rajasthan.gov.in/college/gcasind को देखें।
8. आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर के निर्देश एवं निर्णय सर्वमान्य एवं अंतिम होंगे।

संलग्नः– आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान का आदेश एवं आवेदन प्रारूप

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय, आसीन्द
भीलवाडा (राज.)